an>

Title: Regarding alleged threat to safety of women in Delhi.

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार के ध्यान में बहुत ही संवेदनशील और गंभीर मामला लाना चाहता हूं।

पिछले दिनों से हम देख रहे हैं कि देश में गैर-सामाजिक तत्व लोकतांत्रिक प्रणाली की अवहेलना करते हुए देश में और समाज में अराजकता फैलाना चाहते हैं। अभी कल पंजाब की एक अदालत ने आर्डर दिया है कि "आप" पार्टी के एक विधायक के खिलाफ वारंट इश्यु किया और *â€¦* *को अरेस्ट किया है।

माननीय अध्यक्ष : किसी व्यक्ति का नाम रिकार्ड में नहीं जाएगा। आप क्या कहना चाहते हैं?

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा: अध्यक्ष महोदया, इस विधायक पर दोÂष है कि *â€¦* *नाम के एक व्यक्ति को तैयार करके जामा मस्जिद दिल्ली में बहुत ही पवित्र धार्मिक ग्रंथ कुरान शरीफ को मलेरकोटला में लेकर गए और वहां सड़क पर फैंक दिया और उसका अपमान किया। आज जब कोर्ट ने आर्डर किया तो मलेरकोटला में स्टोन पेल्टिंग की जा रही है और दो सम्प्रदायों में झगड़ा हो रहा है। ऐसे तत्व प्रजातांत्रिक प्रणाली के अंतर्गत नजायज फायदा उठा रहे हैं, मेरा मानना है कि सारे सदन को इसे गंभीरता से लेना चाहिए और इस पार्टी को बैन कर देना चाहिए।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप नाम लेकर कोई आरोप मत लगाएं।

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा: अध्यक्ष महोदया, हमारे धार्मिक ग्रंथ पवित्र हैं और समाज में औरत का बहुत सम्मान किया जाता है। मैं देख रहा था कि पिछले एक वÂर्ष में इस पार्टी में हर महीने एक न एक विधायक पर दोÂष लग रहा है। कुल 11 विधायकों पर दोÂष लग चुका है कि औरतों से छेड़खानी करते हैं और औरतों का अपमान करते हैं।

इसी तरह से डेमोक्रेटिक सिस्टम की भी बात है, जहां संसद सबसे बड़ी है, संसद के सदस्य बड़े हैं। आपने "आप" पार्टी के एक सदस्य के खिलाफ एक्शन लिया है। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि सारे सदन को इस बात को गंभीरता से लेना चाहिए और ऐसी पार्टियों पर बैन होना चाहिए जो देश में अराजकता फैलाना चाहती हैं तथा हमारे जज्बातों को नजायज तौर पर इस्तेमाल करके राजसत्ता प्राप्त करके देश का नुकसान करना चाहती हैं।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र और कुँवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।